# पटना की छह सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास, नेहरू पथ से बढ़ेगी संपर्कता

## प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना के पश्चिमी इलाके के लिए की थी घोषणा

**766** करोड़ 73 लाख है इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत

- मुख्यमंत्री ने शिलान्यास के बाद इन परियोजनाओं के काम तेजी से पूरा करने का दिया निर्देश
- पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन जाना होगा आसान, सुगम होगा यातायात जाम से लोगों को मिलेगी राहत

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना के पश्चिमी हिस्से के लिए अपनी प्रगति यात्रा के दौरान घोषित छह सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। सभी छह परियोजनाओं की कुल लागत 766.73 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने शिलान्यास के मौके पर कहा कि इनका काम तेजी से पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री ने जिन योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें चार ऐसी हैं जिन्हें नेहरू पथ (बेली रोड) से संपर्कता मिल रही है। रुपसपुर नहर के किनारे कोथवां में आयोजित कार्यक्रम में 71.48 करोड़ से खगौल-नेहरू पथ से अशोक राजपथ तक फोरलेन सड़क का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दानापुर-बिहटा एलिवेटेड पथ से संपर्कता हो जाने से पूरे क्षेत्र की आबादी को लाभ होगा। पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन को बेहतर संपर्कता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने दानापुर की तरफ से दीघा-एम्स पाटली पथ को नेहरू पथ की संपर्कता योजना का शिलान्यास किया। लागत 143.86 करोड़ है। रुपसपुर नहर से सगुना मोड़ तक नेहरू पथ के दोनों किनारे 2.7 किमी लंबाई में भूमिगत नाले के साथ पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया। नाले पर बनने वाली सड़क की लागत 318.51 करोड़ है। 12 मीटर चौड़े कच्चे नाले पर बाक्स पुलिया सह सड़क का निर्माण कराया जाएगा। नेहरू पथ से गोला रोड तक 2.20 किमी सड़क के चौड़ीकरण का भी शिलान्यास किया। इसकी लागत 21.35 करोड़ है।

### सीएम ने किया शिलान्यास

- एम्स गोलंबर-जानीपुर-पैनापुर-नेवा (10.5 किमी)
- नौबतपुर-मसौढ़ी पथ के 17 वें किमी में नौबतपुर लख पर फ्लाईओवर
- खगौल-नेहरु पथ होते हुए रुपसपुर नहर के रास्ते अशोक राजपथ तक फोरलेन (6.9 किमी)
- रुपसपुर नहर से सगुना मोड़ भूमिगत नाला व पथ निर्माण (2.7 किमी)
- नेहरू पथ से गोला रोड पथ का चौड़ीकरण (2.20 किमी)



पटना में सोमवार को सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत व अन्य। • सौ. सूचना जनसंपर्क विभाग

**एम्स गोलंबर-जानीपुर-पैनापुर-नेवा पथ के दो लेन में चौड़ीकरण :** एम्स गोलंबर से जानीपुर-पैनापुर नेवा पथ के दो लेन में चौड़ीकरण योजना का शिलान्यास किया गया। इसकी लागत 138.5 करोड़ रुपये है। नौबतपुर-मसौढ़ी पथ के 17 वें किमी में नौबतपुर लख पर फ्लाईओवर का मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नौबतपुर लख पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी।

**ये रहे मौजूद :** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधान पार्षद रवींद्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि व पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुडुकलकट्टी।